Bareilly, Friday,
20 February 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.60/-
Pages 10

दैनिक जागरण

PAGE NO. IV, MIDDLE

रिद्धिमा में काव्य संध्या का आयोजन • सौ. संस्था

जो वर राघव बने होंगे, हृदय हर्षित हुआ होगा फूल खिले होंगे...

बरेली: एसआरएमएस रिद्धिमा के सभागार में गुरुवार को कवि सम्मेलन 'साहित्य सरिता' का आयोजन हुआ। इसमें पीलीभीत के कवि उमेश त्रिगुणायत अद्भुत, बरेली के हिमांशु श्रोत्रिय निष्पक्ष, दीपा विरमानी, पीके दीवाना, डा. संजय गुप्ता और पंतनगर के डा. केपी सिंह 'विकल बहराइची' ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं के दिलों के भावों को जगाया।

उमेश ने 'पहले सिजरा निकाल लेते हैं, लोग फिर हालचाल लेते हैं... सुनाया। हिमांशु श्रोत्रिय 'निष्पक्ष' ने 'क्या रक्षा की कोई आशा, हो सकती बटमारों से, संस्कृति कैसे रक्षित होगी, अति विकृत व्यवहारों से' सुनाकर संस्कृति को संजोने का संदेश दिया। पीके 'दीवाना' ने अबे ओ चीन, तू बड़ी –बड़ी बातें मत बोल, बोलने से पहले अपनी छोटी– छोटी आंखें पूरी तरह से तो खोल..., कवियत्री दीपा विरमानी ने जो वर राघव बने होंगे, हृदय हर्षित हुआ होगा खिले होंगे...से भगवान श्रीराम और माता सीता का प्रसंग सुनाया। मेडिकल कालेज के आर्थोपेडिक डिपार्टमेंट के अध्यक्ष डा. संजय गुप्ता ने 'मूक स्वरों से मुझे पुकारो, मैं भावों को पढ़ लूंगा'..., केपी सिंह ने 'हौसले से समंदर उतर जाओगे, मंजिले पास होंगी संवर जाओगे'... से तालियां बटोरीं। इस दौरान ट्रस्ट संस्थापक देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, सुभाष मेहरा, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।